an>

Title: Need to take steps to strengthen telecommunication services in Rajgarh Parliamentary Constituency.

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) : महोदया, मैं आपके माध्यम से मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़, मध्य प्रदेश में दूरसंचार व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।...(व्यवधान)

महोदया, एक ओर जहां सरकार देश भर में डिजिटल इंडिया के माध्यम से देश के हर कोने को जोड़कर संचार क्रांति का कार्य कर रही है,...(व्यवधान) वहीं राजगढ़ संसदीय क्षेत्र में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही व गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के चलते सम्पूर्ण व्यवस्था ध्वस्त हो रही है।...(व्यवधान) एक ओर जहां अन्य टेलिकॉम कम्पनियां 4जी सेवा की ओर अग्रसर हो रही हैं, वहीं बीएसएनएल 2जी सेवा भी निरंतर नहीं दे पा रही है।...(व्यवधान) अधिकांश समय लिंक फेल होने, ओएफसी केबल प्रणाली की सतत् निगरानी व समय सीमा निर्धारण नहीं होने, राजमार्ग व अन्य सड़क आदि बड़े निर्माण कार्यों के स्वीकृति के पश्चात लाईन उखड़ने तक शिफ्टिंग की योजना नहीं होना एक गंभीर परिस्थिति को दर्शाता है,...(व्यवधान) जिससे किसान, व्यापारियों व आम जनता को होने वाली परेशानियों से क्षेत्र में शासकीय दूरसंचार व्यवस्था के प्रति भारी असंतोष व्याप्त है।...(व्यवधान)

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय संचार मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि संचार व्यवस्थाओं की सर्व-सुलभ पहुंच आम-जन तक पहुंचाने हेतु व्यवस्थाओं को सुदृढ़ीकरण, जवाबदेही पूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था, पर्याप्त व कुशल तकनीकी स्टॉफ आदि कार्यों का समुचित व्यवस्थापन किए जाने से क्षेत्र को लाभ होगा।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरो प्रसाद मिश्र और

श्री सुधीर गुप्ता को श्री रोडमल नागर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।